## एक नजर में



### पाठक को धर्मवीर भारती स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान

ग्वालियर, 22 मार्च। कथाकार, पत्रकार हरीश पाठक को दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित भव्य 'व्यंग्य यात्रा सम्मान समारोह' में धर्मवीर भारती स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय ने की और मुख्य अतिथि मशहूर कवि लीलाधर मण्डलोई थे। आभार अशोक त्यागी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विष्णु नागर, विनोद कुमार विक्की, स्नेहलता पाठक, डॉ संजीव कुमार, संदीप राशिनकर और बी एल आच्छा को अलग अलग विधाओं में सम्मानित किया गया।सभी को सम्मान राशि, स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र अंग वस्त्र के साथ एक बेहद आकर्षक बुक मार्क का पैकेट भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन नीरज मिश्र, स्वागत भाषण आशा कुंद्रा, संयोजन सोनी लक्ष्मी राव ने किया। महासचिव रणविजय राव ने विस्तार से पुरस्कारों के बारे में बताया। इस मौके पर प्रख्यात गांधीवादी कुमार प्रशांत, वरिष्ठ पत्रकार रामशरण जोशी, बलराम, प्रताप सहगल, महेश भारद्वाज, लालित्य ललित, राजेश कुमार, अशोक गुप्ता, स्वाति चौधरी, प्रियंका सेनी, सुभाष अखिल, राजकुमार सिंह, राजेश झा, राजेंद्र शर्मा, डॉ मनोरमा कुमार सहित साहित्य, कला और संस्कृति के तमाम दिग्गज मौजूद थे।

### पवैया आज राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण करेंगे



ग्वालियर, 22 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, महाराष्ट्र के सह-प्रभारी एवं नवनियुक्त राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री जयभान सिंह पवैया 23 मार्च, सोमवार को राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष पद का विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे।




### ग्वालियर में लगभग 300 से 400 बच्चे थेलीसीमिया से पीड़ित : डॉ मीत

ग्वालियर। मरेनगो एशिया हास्पीटल गुरूग्राम ग्वालियर- चंबल अंचल में हेमेटोलोजी , आक्कोलोजी और बोन मेरो ट्रोसप्लांट बीएमटी की जहां जागरूकता अभियान चलायेगा। यह जानकारी आज ग्वालियर में मरेनगो एशिया हास्पीटल गुरूग्राम के बोन मैरो ट्रांसप्लाट विभाग के प्रमुख एवं निदेशक डा मीत कुमार डॉ. नीरज तेवतिया ने पत्रकारों को दी। डॉ. मीत कुमार ने बताया कि हेमेटोलोजी की बीमारी शून्य से लेकर बुजुर्ग तक के मनुष्य को हो सकती है। उन्होंने बताया कि अकेले ग्वालियर में लगभग 300 से 400 बच्चे थेलीसीमिया से पीड़ित बच्चे मौजूद हैं जिनका निरंतर खून ट्रांसप्लाट किया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर चंबल अंचल में इस प्रकार के बच्चों और बड़ों की काफी संख्या है। डॉ. मीत ने कहा कि वह शिवपुरी में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्ग दर्शन में चल रहे स्वास्थ्य शिविर में अपनी सेवाएं देने आए थे

### दिल्ली की दूरी मात्र 3 घंटे में तय होगी

ग्वालियर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयास से आगरा ग्वालियर ग्रीन फील्ड एक्स्प्रेस वे से दिल्ली से दूरी मात्र 3 घंटे में तय होगी। सिंधिया ने बताया कि यह दूरी गतिमान एक्स्प्रेस की तरह तय होगी. दिल्ली से आगरा यमुना एक्स्प्रेस हाई वे से 2 घंटे लगते हैं. आगरा सिटी के अंदर आते आते और आगरा शहर को क्रॉस करने में 3 घंटे का समय लग जाता है. नए एक्स्प्रेस हाई वे में 88 किलोमीटर का सफर मात्र 1 घंटे में तय होगा. केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का धन्यवाद किया है।



### विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ढांढस बंधाया

ग्वालियर। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बैतूल पहुंचकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के देवलोकगमन पर उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बधांया। उन्होने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस दु :ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। विधानसभा अध्यक्ष के साथ ग्वालियर के नेताओं में नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण अशोक जैन एंव अशोक जादौन, पूर्व भाजपा अध्यक्ष देवेश शर्मा, ग्वालियर मेला प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शिवहरे, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, सोनू मंगल, रमेश सिंह तोमर, अरविंद शर्मा, राहुल ढमोले भी थे।



### भीषण गर्मी में मरीजों के परिजनों को बांटी गई ठंडी लस्सी

ग्वालियर। समर्पण कृष्णायन वेलफेयर संस्था ने रविवार को सेवा का एक और प्रकल्प पूरा किया गया। 'नर सेवा नारायण सेवा' के ध्येय वाक्य के साथ संस्था ने जयारोग्य अस्पताल के न्यूरोलॉजी वार्ड परिसर में ठंडी लस्सी का वितरण कर तीमारदारों और जरूरतमंदों को राहत पहुँचाई। संस्था के सेवा संकल्प की निरंतरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह इस वर्ष का 77वां और मार्च माह का 20वां सफल आयोजन था। यह सेवा कार्य अनामिका सुधीर अग्रवाल (हरिशंकर पुरम, लश्कर) के विशेष सहयोग, आतिथ्य और मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सचिव अरुण अग्रवाल, अरुण श्रीवास्तव और सुनील गुप्ता सहित कई समाजसेवी बंधु उपस्थित रहे।

### रेत माफियाओं पर कसा शिकंजा, एक ही दिन में 8 वाहन जब्त

ग्वालियर। जिले के डबरा देहात थाना क्षेत्र में आईपीएस मनोज कुमार के नेतृत्व में रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ी और निर्णायक कार्रवाई देखने को मिली। ताबड़तोड़ अभियान में पुलिस ने एक ही दिन में 8 वाहनों को जब्त कर माफियाओं में हड़कंप मचा दिया। इस कार्रवाई के तहत 4 ट्रैक्टर रेत से भरे हुए, 2 ट्रैक्टर मिट्टी से लदे, 1 ट्रैक्टर गिट्टी और 1 लोडर को पकड़कर देहात थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। यह पूरा अभियान सुनियोजित तरीके से चलाया गया, जिसमें पुलिस टीम ने लगातार निगरानी करते हुए अवैध गतिविधियों पर सीधा प्रहार किया। इस कार्रवाई से साफ संकेत गया है कि अब अवैध खनन करने वालों के लिए डबरा क्षेत्र में कोई जगह नहीं बची है। कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ इस तरह की सख्ती आगे भी जारी रहेगी।



# अंग्रेजी ओलंपियाड में 52 जिलों के छात्र हुए शामिल

**24 छात्र फाइनल राउंड के लिए चयनित**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,22मार्च।** राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड एवं सम्मान समारोह सत्र 2025-26 का उदघाटन समारोह शा.बालक.उ. मा. विद्यालय, शिक्षा नगर तानसेन रोड़ पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 52 जिलों से कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के अंग्रेजी विषय के 208 टॉपर छात्र एवं उनके 208 मार्गदर्शी शिक्षक एवं 208 पालक (अभिभावक) तथा समस्त जिलों से सहायक परियोजना समन्वयक अकादमिक में उपस्थित हुये। कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर अरविंद सिंह तथा जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र घुरैया ने की। इसी क्रम में कक्षा 2, 3, 4, 5 के छात्रों की विषय फाउण्डेशन इंग्लिश लिटरेसी का सेमी फाइनल एग्जाम कराया गया। इसमें प्रत्येक कक्षा से 6-6 छात्र कुल 24 छात्र 23 मार्च को फाइनल स्टेज राउण्ड में प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से सुश्री साक्षी जैन, सहायक संचालक अकादमिक, आर.पी. त्रिपाठी, डॉ. विनोद द्विवेदी, डॉ. विपिन वर्मा, सुनील श्रीवास्तव एवं प्रेम सिंह सिसौदिया उपस्थित रहे।

# जैन तीर्थ बरासों में महावीर स्वामी के दर्शन और पूजन किया

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,22मार्च।** यारो के यार ग्रुप ग्वालियर ने आज जैन तीर्थ बरासों यात्रा के दौरान देवाधिदेव 1008 भगवान महावीर स्वामी के दर्शन और पूजन के साथ भजन भक्ति की। वहीं आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में सम्मिलित हुए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि यारों के यार ग्रुप के मेम्बर सुबह जैन तीर्थ बरासों के लिए रवाना हुए। बरासों तीर्थ पर पहुंचने पर प्राचीन जिनबिंब तीर्थंकरों की मनहरी प्रतिमाओं के दर्शन किए। वहीं भगवान महावीर स्वामी के चरणों का महापूजन कर महा अर्घ्य भक्तिभाव के साथ जयकारों के साथ समर्पित किए। वहीं गोहद में चल रहे



परम पूज्य गुरुदेव मेडिटेशन उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज के सानिध्य पंचकल्याणक महोत्सव में भगवान जिनेंद्र और उपाध्याय श्री के मंगल दर्शन किए। पंच कल्याणक महोत्सव समिति के द्वारा यारो के यार ग्रुप के दिनेश जैन, नीरज जैन, मयंक जैन, मुकेश जैन और प्रवक्ता सचिन जैन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# स्कूल संचालकों के हितों की होगी हिफाजत

**ग्वालियर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कोर कमेटी की बैठक गोल पहड़िया स्थित गौरव हायर सेकेंडरी स्कूल पर सम्पन्न हुई। बैठक में पीएसए संभाग ग्वालियर अध्यक्ष अवधेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पीएसए अनिल दीक्षित उपस्थित थे। बैठक में पीएसए संभाग ग्वालियर अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने कहा कि सदस्यता संगठन को मजबूत करने के लिए सभी मिलकर स्कूल संचालकों को जोड़े, यह संगठन स्कूल संचालकों के हित में सदा खड़ा है। शासकीय विद्यालय के शिक्षक प्राइवेट स्कूल में अध्ययनरत बच्चों से संपर्क कर उन्हें बरगला के शासकीय स्कूल में प्रवेश बिना टी सी के ले रहे है, उन पर भी नजर रखने की आवश्यकता है। उपाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कहा कि शीघ्र ही स्कूल वार्ड समिति, अनुशासन समिति का गठन किया जाये और सभी संचालक गण सदस्यता बढ़ाने व कार्य की गतिशीलता बढ़ाने को आगे आये।

# हजीरा चौराहे पर शीतल जल प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**जन कल्याण बहुद्देशीय समिति कर रही मानवीय कार्य**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,22मार्च।** जन सहयोग जन कल्याण बहुद्देशीय समिति ग्वालियर द्वारा हजीरा चौराहा पर शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया ।

समिति के अध्यक्ष उमेश सिंह राजावत ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भीषण गर्मी में शीतल जल प्याऊ को आगामी 4 माह के लिए चलाया जाएगा । शहर के गणमान्यजन ने समिति के कार्यों की प्रशंसा की । समिति की सचिव शशि सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के दिनों में जल की त्राहि त्राहि सी हो जाती है, यहां से गुजरने वाले राहगीरों, मजदूरों एवं आम जन को शीतल जल सुलभ हो सके इसके लिए पानी पिलाने के लिए मासिक वेतन पर एक



दंपति को रखा है उनकी भी 4 माह की रोजी रोटी चल जाएगी और मुसाफिरों को शीतल जल मिलने से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर राजेंद्र नाती, अशोक प्रेमी, रतिराम यादव, महाराज सिंह पटेल, दर्शनलाल मिश्रा, रघुराज सिंह भदोरिया, पार्षद मनोज राजपूत, अशोक गोस्वामी एवं हेल्प गुरु प्रमोद राजावत ने समिति की तारीफ करते हुए समिति अध्यक्ष से कहा कि समिति अच्छा कार्य कर रही है, चाहे पर्यावरण के क्षेत्र में वृक्षारोपण हो, मेडिकल कैंप हो, जयारोग्य अस्पताल में कंबल बैंक का संचालन हो, अस्पतालों में भोजन प्रसाद वितरण हो ओर प्रसूति अस्पताल बिरला नगर में मरीजों के लिए व्हील चेयर दान की बात हो, समिति मानवीय कार्य कर रही है।

इस अवसर पर सचिव शशि सिंह, कांत शर्मा, स्वराज दीक्षित, निशा श्रीवास्तव, सुनैना चंदेल, रूबी शर्मा, विमला खंडेलवाल, अनीता सिंह, बरखा सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह तोमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिटायर सूबेदार रामभोग सिंह तोमर, टीएन सिंह, सत्यबीर सिंह तोमर, सूबेदार राजकुमार सिंह तोमर, सूबेदार अनिल सिंह परमार, घनश्याम सिकरवार, बंटी तोमर, धीरू शर्मा, मनोहर सिंह सिकरवार, रघुराज सिंह तोमर, देशराज सिंह, देवेंद्र भदोरिया, सहदेव सिंह, धर्मवीर लोधी एवं महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

# जिले के किसानों को अब 'ई-टोकन प्रणाली' से खाद वितरण

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 मार्च।** ग्वालियर जिले के किसानो को भी अब प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई ई-विकास प्रणाली अर्थात ई-टोकन से खाद (रासायनिक उर्वरक) उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान भाईयों से ई-विकास पोर्टल पर पंजीयन कराकर यह सुविधा प्राप्त करने की अपील की गई है। कृषकों से अपनी-अपनी भूमि की फॉर्मर आईडी बनवाने की अपील भी की गई है।

ई-विकास पोर्टल पर पंजीयन कराना अत्यंत आसान है। इस पोर्टल पर किसान भाई जैसे ही अपना आधार नम्बर दर्ज कराते हैं वैसे ही लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होता है। ओटीपी सत्यापित होते ही किसान का ऑनलाइन पंजीयन पूर्ण हो जाता है। पंजीयन के बाद किसान भाई ई-टोकन प्राप्त कर उर्वरक ले सकते हैं। पोर्टल पर किसान की भूमि संबंधी जानकारी एग्री स्टेक सिस्टम से प्राप्त हो जाती है। पोर्टल पर किसान के नाम दर्ज खसरा नम्बर व भूमि का विवरण भी उपलब्ध रहता है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कृषि, सहकारिता व विपणन संघ के अधिकारियों सहित जिले के सभी एसडीएम को प्रभावी ढंग से ई-टोकन प्रणाली व्यवस्था के तहत खाद वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि जिले के कृषकों को नई व्यवस्था की जानकारी दें। साथ ही उन्हें ई-टोकन प्रणाली से खाद लेने के लिये प्रोत्साहित करें।

'ई-विकास प्रणाली' के नाम से लागू की गई खाद वितरण की इस व्यवस्था से किसानों को लाइन में लगने की जरूरत नहीं रहेगी।

### एलपीजी मूल्य वृद्धि वापस लेकर सप्लाई सुचारू करें :जोहरे

**ग्वालियर।** एलपीजी मूल्य वृद्धि के खिलाफ विरोध जताते हुए ग्रामीण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे ने भाजपा सरकार पर "जनविरोधी" होने के आरोप लगाए। हर श्रेणी के रसोई गैस के मूल्य में 25 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी करने पर ग्रामीण कांग्रेस ने सरकार पर प्रहार किया है। उन्होने कहा कि सब्सिडी वाले गैस तथा उज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस मूल्यों में भी बढ़ोतरी की गई है। सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की कीमतों में पिछले तीन महीने में 200 रुपये की बढ़ोतरी हुई है और पेट्रोल तथा डीजल के मूल्य आसमान छू रहे हैं। सरकार की पिच आम आदमी के लिए उच्च मूल्यों से भरा हुआ है जबकि सरकार दोनों छोर से अपने अरबपति दोस्तों के लिए बैटिंग कर रही है। उन्होंने कहा, मोदी स्टेडियम का नाम अपने नाम पर कराना पसंद करते हैं लेकिन केवल पेट्रोल के मूल्यों में शतक बना पाए हैं जिसकी कीमत प्रति लीटर 100 रुपये से ज्यादा हो गई है।

# रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,22मार्च।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सात दिवसीय रासेयो के शिविर का समापन आज प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर उर्फ रामू भैया उपाध्यक्ष हॉकी संघ इंडिया ने छात्रों के साथ अपना अनुभव साझा किया और कहा कि ऐसे शिविर में छात्र बहुत कुछ सीखते हैं और वह समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने में सहायक होते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भरत ससोड़े डायरेक्टर जीनियस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने शिविरार्थियों के कार्य और अनुशासन की सराहना की व उनके उज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आर के खरे विभागाध्यक्ष वनस्पति विभाग एवं प्रभारी प्राचार्य ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर व्यक्तित्व विकास की कार्यशाला होते है यहां रहकर छात्र आपसी भाई चारा ,सद्भाव, प्रेम और सहानुभूति



का पाठ सीखते हैं। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विशाल कदम ने आभार व्यक्त किया गया। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश न छात्र द्वारा अपने प्रथम सात दिवसीय शिविर के अनुभव साझा किए।

गत वर्ष शिविर पूर्ण करने वाले और परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 23 छात्रों को जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा जारी रासेयो का बी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। हाल ही में चित्रकूट में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर से लौटे नरेन्द्र अहिरवार एवं निखिल पांडे का शील्ड,मेडल और प्रमाण पत्र देकर अभिवादन किया गया ,हाल ही में सासाराम विहार में आयोजित राष्ट्र स्तरीय शिविर से लौटे अंकित यादव का शील्ड , मेडल और प्रमाण पत्र देकर अभिवादन किया गया। हाल ही में तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्र स्तरीय शिविर कर लौटे अमित जाटव का भी शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र देकर अभिवादन किया गया।शिविर कप्तान का पुरुस्कार हरिओम यादव को मिला। शिविर का प्रतिवेदन स्नेहा गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर के अनुभव गौरी भारद्वाज द्वारा साझा किया गया। श्रेष्ठ शिविरार्थी छात्र अमित राजपूत,श्रेष्ठ शिविरार्थी छात्रा का पुरुस्कार गुंजन शाक्य को प्रदान किया गया । उज्जवल, मानसी, निधि, इच्छा, निखिल, राज, विश्वजीत, सौम्य, आदित्य, मोहित, अमन, काजल, रितु, कोमल, सानिया, शालू, आर्यन, रंजीत, देव, करन, मोनू , दीपांशी, मोहिनी, सोनाली, संध्या, एलिस, गौरी को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### दूधखो धाम की सड़क के लिए सांसद निधि से मिले 10 लाख

**ग्वालियर।** सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने डबरा विकासखंड के अंतर्गत गिजौर्रा देवगढ़ मुख्य मार्ग से दूधखो धाम के सड़क मार्ग के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए दिए हैं। क्षेत्र की जनता ने सांसद भारत सिंह का आभार व्यक्त किया है। वही दूध खो धाम पर 9 दिवसीय राम कथा एवं 108 कुंडलीय महायज्ञ का आयोजन चल रहा है जो 29 मार्च को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। क्षेत्र के श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें बड़ी सौगात मिली है। सड़क निर्माण से दूध खो धाम पर आना जाना सुगम होगा।

पृष्ठ एक का शेष...

# पीएम मोदी ने फिर बनाया रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को वडनगर, गुजरात में हुआ था. उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचारक के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की. 1985 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने पार्टी संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया. नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला. वह गुजरात के चार बार मुख्यमंत्री रहे. 2001, 2002, 2007 और 2012 विधानसभा चुनावों के बाद गुजरात सरकार का नेतृत्व किया. मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल 22 मई 2014 तक रहा. लगभग 12 वर्ष और 7 महीने तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे. नरेंद्र मोदी भारत के 14वें और वर्तमान प्रधानमंत्री हैं, जो 26 मई 2014 से लगातार पद पर बने हुए हैं. जून 2024 में उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली. वे लगातार तीसरी बार जीतने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने 4,000 से अधिक दिनों तक पद पर रहकर सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्रियों में अपना स्थान बनाया है.

# साधना में सबसे बड़ा बाधक है क्रोध : भार्गव

**सरयूदास की बगीची में देवी भागवत कथा का तीसरा दिन**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,22मार्च।** मनुष्य के लिए क्रोध पर नियंत्रण की सबसे अधिक आवश्यकता है। ऋषि तवाक मुनि एक तपस्वी थे, फिर भी उन्होंने क्षणिक क्रोध में आकर एक नक्षत्र को श्राप दे दिया। जो हमें सिखाता है कि साधना में क्रोध सबसे बड़ा बाधक है, जो विवेक को हर लेता है। यह विचार पंडित कैलाश नारायण भार्गव ने सेवानगर स्थित सरयूदास की बगीची में आयोजित हो रही श्रीमदद्देवीकथा के तीसरे दिन शनिवार को व्यक्त किए। इस मौके पर सजाई मां की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया।

श्रीराम जानकी भक्त मंडल एवं गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित देवी भागवत में श्रोताओं को संबोधित करते हुए पंडित कैलाश नरायण ने कहा कि मनुष्य के स्वभाव और जीवन पर समय (नक्षत्र/काल) का गहरा प्रभाव पड़ता है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह हमें सिखाता है कि अनुकूल समय में किए गए कार्य



शुभ फल देते हैं, जबकि प्रतिकूल समय चुनौतियों का कारण बनता है। जब मानवीय प्रयास और सांसारिक उपाय विफल हो जाते हैं, तब केवल भगवती की कृपा ही जीवन में संतुलन और शांति ला सकती है। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण के लिए समुद्र के समान कान होना चाहिए। जिस प्रकार समुद्र में अनेक नदियां मिलती हैं, उसके बाद भी उसके ग्रहण करने की क्षमता समाप्त नहीं होती है। इसी प्रकार भजन कीर्तन और कथा कितनी ही सुन लो, मन नहीं अघाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन नेत्रों ने संतों के दर्शन नहीं किए हैं, वे मोर पंख पर बनी आंख के समान हैं, जिससे वास्तविक कुछ दिखाई नहीं देता है। उन्होंने बताया कि मां जगदम्बा ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों की अधिष्ठात्री हैं। जिस प्रकार शिव में संहार और सूर्य मे प्रकाश की शक्ति है, उसी प्रकार हमारा शरीर देवी शक्ति से ही संचालित होता है। भगवान विष्णु में सात्विक शक्ति भी महादेवी ही हैं। देवी की आराधना से मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है। सभी देवता मां शक्ति की ही उपासना करते हैं। कन्या पूजन अनिल अग्रवाल एवं शिवदास शर्मा ने किया। मां की आरती मुख्य यजमान केशव अवस्थी, रामबाबू अग्रवाल, अशोक जैन इत्यादि ने की।



# ऑप्टोमेट्रिस्ट बदल रहे हैं स्वास्थ्य सेवाओं का परिदृश्य

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 23 मार्च।** एक बड़े परिवर्तन के साथ जो आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पुनर्परिभाषित कर रहा है, नेत्र चिकित्सक (ऑप्टोमेट्रिस्ट) अब एक एकीकृत, निवारक और रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जहां पहले उन्हें केवल चश्मा या लेंस प्रदान करने वाले विशेषज्ञ माना जाता था, आज वे अपनी चिकित्सकीय विशेषज्ञता और तकनीकी कौशल के माध्यम से चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में मूल्य जोड़ रहे हैं। यह कहना है श्री सत्य प्रकाश शर्मा का। नेत्र विशेषज्ञों, न्यूरोलॉजिस्ट, एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, बाल चिकित्सक, और सामान्य चिकित्सकों के साथ मिलकर ये अब मल्टीडिसिप्लिनरी केयर का एक आवश्यक हिस्सा बन रहे हैं। चाहे वह ब्रेन इंजरी के बाद की न्यूरो-ऑप्टोमेट्रिक रिहैबिलिटेशन हो या डिजिटल युग की आंखों की थकान को प्रबंधित करना, नेत्र चिकित्सकों की भूमिका लगातार विस्तृत होती जा रही है। 'रतन ज्योति नेत्रालय में रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी सेवाओं ने नवजात शिशुओं की दृष्टि बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है,' यह कहना है डॉ. नलिन का। 'पेडियाट्रिक ऑप्थैल्मोलॉजी में ऑप्टोमेट्रिस्ट बच्चों की प्रारंभिक दृष्टि समस्याओं की पहचान और प्रबंधन में अहम भूमिका निभाते हैं,' यह कहना है मीनू भार्गव का। जनस्वास्थ्य सेवाओं और टेली-ऑप्टोमेट्री में भी इनका योगदान उल्लेखनीय है, खासकर ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में, जहां वे दूरस्थ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।ढ्ढ-आधारित डायग्नोस्टिक्स, डिजिटल रेटिना इमेजिंग, और क्लाउड-आधारित रोगी निगरानी जैसी तकनीकों के माध्यम से ये चिकित्सक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ा रहे हैं और रियल-टाइम हेल्थ सर्विलांस में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। 'ऑप्थैल्मोलॉजी ह्ल्ल में ऑप्टोमेट्रिस्ट सर्जिकल टीम के साथ मिलकर प्री-ऑप तैयारी, मशीन कैलिब्रेशन और इंट्रा-ऑप सपोर्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे सर्जरी की सटीकता और परिणाम बेहतर हो रहे हैं,' यह कहना है ऑप्टोमेट्रिस्ट श्री अखिल जैन का


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारन 1- राजेन्द्र अरोरा 2- पंकज अरोरा 3- अजय अरोरा पुत्रगण स्व. श्री रामस्वरुप कुकरेजा जिनकी माताजी श्रीमती मीरा कुकरेजा (अरोरा) का स्वर्गवास दिनांक 16.10.2024 को हो गया था एवं मेरे पक्षकारगण 1- राजेन्द्र अरोरा 2- पंकज अरोरा 3- अजय अरोरा पुत्रगण स्व. श्री रामस्वरुप कुकरेजा , श्रीमती मीरा कुकरेजा (अरोरा) के वैध वारिसान है इनके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है ।
दिनांक- 22-03-2026

प्रेषक
नीतीश अग्रवाल एडवोकेट
ओल्ड हाईकोर्ट, लश्कर, ग्वालियर म.प्र.
मोब.8269472612